दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 06 अगस्त 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 307

## जासूसी कांड : पेगासस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने बताया गंभीर

### » याचिकाकर्ताओं से याचिका की प्रति केंद्र को सौंपने को कहा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पेगासस जासूसी के बारे में मीडिया रिपोर्ट अगर सच है तो ये गंभीर मामला है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं से केंद्र सरकार को अपनी याचिका की प्रतियां देने के लिए कहा है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं से सवाल किया कि जासूसी से प्रभावित व्यक्तियों द्वारा इस अदालत का दरवाजा खटखटाने से पहले पुलिस के पास आपराधिक शिकायत दर्ज करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को केंद्र सरकार को याचिकाओं की प्रतियां देने के लिए कहा और मामले को मंगलवार को आगे की सुनवाई के लिए टाल दिया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस मामले में केंद्र सरकार को औपचारिक नोटिस जारी नहीं किया है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा, अगर मीडिया में रिपोर्ट सही है तो आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। मैं यह भी नहीं कहना चाहता कि दलीलों में कुछ भी नहीं है। हम यह भी नहीं कह रहे हैं कि कुछ याचिकाकर्ता इससे प्रभावित नहीं हुए हैं। कुछ का दावा है कि उनके फोन हैक हो गए हैं। लेकिन सवाल यह है कि उन्होंने आपराधिक शिकायत दर्ज करने का प्रयास क्यों नहीं किया।

शीर्ष अदालत पेगासस जासूसी मामले की जांच की मांग वाली नौ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता वरिष्ठ पत्रकार एन राम की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पेगासस को एक दुष्ट तकनीक बताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय हित को भेद करने तकनीक है। इसके जरिए हमारी जानकारी के बिना हमारे जीवन में घुसपैठ की गई है। फोन के जरिए हमारे जीवन में प्रवेश किया गया। यह गोपनीयता, मानवीय गरिमा और हमारे गणराज्य पर हमला है। चीफ जस्टिस ने सभी याचिकाकर्ताओं से यह भी सवाल किया कि यह मुद्दा 2019 में सामने आया था लेकिन तब कोई गंभीर चिंता क्यों नहीं जताई गई थी? चीफ जस्टिस ने यह भी कहा, जिन लोगों को रिट याचिकाएं दायर की हैं वे अधिक जानकार और साधन संपन्न हैं। उन्हें अधिक इस मामले में सामग्री जुटाने के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए थी। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से सिब्बल के अलावा वरिष्ठ वकील श्याम दीवान अरविंद अत्तार राकेश द्वेदी शिव सिंह मीनाक्षी अरोड़ा सहित कई वकील पेश हुए। हालांकि गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोई भी लॉ ऑफिसर कोर्ट में उपस्थित नहीं थे ।

## सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण को लगाई फटकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि प्राधिकरण के चेहरे ही नहीं, उसके मुंह, नाक, आंख सभी से भ्रष्टाचार टपकता है। सुपरटेक के नोएडा एक्सप्रेस स्थित एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट मामले में अथॉरिटी के अपने अधिकारियों के बचाव करने और फ्लैट खरीदारों की खामियां बताने पर शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ और जस्टिस एमआर शाह की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान प्राधिकरण के वकील रविंदर कुमार ने अथॉरिटी व अपने अधिकारियों का बचाव करते हुए कहा, इस प्रोजेक्ट में किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। साथ ही वह खरीदारों की कमियां गिनाने लगे। पीठ ने कहा, यह दुखद है कि आप डेवलपर्स की ओर से बोल रहे हैं। आप निजी अथॉरिटी नहीं, पब्लिक अथॉरिटी हैं। वहीं सुपरटेक के वकील विकास सिंह ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिन दो टावरों को गिराने का आदेश दिया है, उनमें नियमों की अनदेखी नहीं की गई है। उन्होंने खरीदारों की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब 2009 में उन टावरों का निर्माण शुरू हो गया था, तो उन्होंने तीन वर्ष बाद हाईकोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाया?

इस पर जस्टिस शाह ने कहा कि अथॉरिटी को तटस्थ रुख अपनाना चाहिए। ऐसा लग रहा है कि आप बिल्डर हैं। आप उनकी भाषा बोल रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि आप फ्लैट खरीदारों से लड़ाई लड़ रहे हैं। जवाब में कुमार ने कहा कि वह तो महज अथॉरिटी का पक्ष रख रहे हैं। दरअसल 2014 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस हाउसिंग सोसायटी में एफएआर के उल्लंघन पर दो टावरों को गिराने का आदेश दिया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यसभा में हंगामा करने वाले तृणमूल के छह सांसद निलंबित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में पेगासस जासूसी मामले पर चर्चा की मांग को लेकर जारी हंगामे के बीच वेल में पहुंचकर आसन के सामने तख्तियां लहरा रहे तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यों को सभापति वेंकैया नायडू ने दिनभर के लिए निलंबित कर दिया। सभापति ने दिन की कार्यवाही की शुरुआत करते हुए किसानों के मुद्दे पर चर्चा के लिए दिए नोटिस स्वीकार करने और अन्य नोटिस खारिज किए जाने की सूचना दी। इसके तुरंत बाद तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समक्ष आकर पेगासस जासूसी विवाद पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। नायडू ने इनसे अपने स्थान पर लौटने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने आसन के समक्ष तख्तियां दिखाने वाले सदस्यों को नियम 255 के तहत पूरे दिन के लिए निलंबित करने की चेतावनी भी दी। लेकिन हंगामा नहीं थमा। इस पर सभापति ने इसे आसन की अवज्ञा बताते हुए हंगामा कर रहे सदस्यों को नियम 255 के तहत सदन से बाहर जाने को कहा। उन्होंने स्वयं किसी का नाम नहीं लिया और राज्यसभा सचिवालय से इन सदस्यों के नाम देने को कहा। संसदीय बुलेटिन के मुताबिक तृणमूल की डोला सेन, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, शांता छेत्री, अर्पिता घोष और मौसम नूर को उच्च सदन से निलंबित किया गया।

### वैन के पलटने से 10 लोगों की मौत, 12 घायल

**न्यूयॉर्क।** दक्षिणी टेक्सास में 25 प्रवासियों को ले जा रही एक वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से दस लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए। न्ब्रूक्स काउंटी के पुलिस अधिकारी उरबिनो बेनी मार्टिनेज ने पुष्टि की कि अभी ड्राइवर की पुष्टि नहीं हो पाई है, वह ही प्रवासियों को ले जा रहा था। बताया गया है कि वैन ऊपर काफी भारी थी, किसी चीज से टकरान के बाद वह पलट गई. बाकी के विवरण की प्रतीक्षा है।

### नाव पर सवार होकर जा रही थी बारात, बिजली गिरने से 17 की मौत, बांग्लादेश का मामला

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बारात पर बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 14 लोग घायल भी हो गए। हादसा चापैनोवागंज के शिवगंज में हुआ। यहां एक बारात नाव में सवार होकर पद्मा नदी से जा रही थी। यह सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने इस आशय की जानकारी दी। घटना चारपाका में करीब साढ़े बारह बजे हुई, जब शादी समारोह के मेहमान नारायणपुर के आलमनगर से पाका नामक इलाके की ओर जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में 17 लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा भी कई अन्य लोग झुलस गये हैं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने 16 शवों को बरामद किया है तथा सभी को अस्पताल में भेज दिया है। इसके अलावा 14 अन्य लोग झुलस गये हैं जिनका इलाज किया जा रहा है।

### इब्राहिम रईसी बने ईरान के नए राष्ट्रपति

**तेहरान।** इब्राहिम रईसी 5 अगस्त को ईरान के नए राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे हैं। रईसी ईरान के 8वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। इस शपथ समारोह के दौरान भारतीय विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले जयशंकर पिछले महीने रूस जाने के दौरान तेहरान में रुकते हुए निर्वाचित राष्ट्रपति रईसी से मुलाकात की थी। पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स बताते हैं कि शपथग्रहण समारोह में विदेश मंत्री जयशंकर की उपस्थिति नई दिल्ली द्वारा तेहरान के साथ अपने संबंधों के महत्व को बताती है। ईरान दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर रईसी के साथ ही अन्य नेताओं से भी बातचीत करेंगे। इस बातचीत का मुख्य फोकस भारत-ईरान संबंध और अफगानिस्तान के मौजूदा हालात रह सकते हैं। जून 2021 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रईसी ने एकतरफा जीत हासिल की थी। माना जाता है कि रईसी, ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्लाह अली खामेनेई के बेहद भरोसेमंद हैं। रईसी को कट्टरपंथी धड़े का नेता माना जाता है। वो अमेरिका सहित पश्चिमी देशों से मसलों को सुलझाने में कुछ खास यकीन नहीं रखते।

## वीओसी पोर्ट, ई-कार शुरू करने वाला बना पहला प्रमुख बंदरगाह

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** तीन इलेक्ट्रिक-कारों के पहले समूह को कल शाम वीओ चिदम्बरनार पोर्ट ट्रस्ट में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन टाटा एक्सप्रेस-टी इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति पट्टे के आधार पर कुल 6 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के एक संयुक्त उद्यम मैसर्स एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) द्वारा की गई है। निकट भविष्य में ऐसी तीन और इलेक्ट्रिक-कारें पोर्ट पर उपलब्ध कराई जाएंगी। वेट लीज समझौते के एक हिस्से के रूप में ईईएसएल बंदरगाह पर चार्जिंग पॉइंट, बीमा, पंजीकरण, ड्राइवरों की तैनाती और वाहनों के रखरखाव की सुविधा भी प्रदान करेगा। इस पर आने वाली लागत के लिए वीओ चिदम्बरनार बंदरगाह ईईएसएल को मासिक भुगतान करेगा।


उपलब्ध कराई जा रही इलेक्ट्रिक-कारों में 21.50 केडब्ल्यूएच लिथियम आयन बैटरी इस्तेमाल की गई है, जो एक बार चार्ज करने पर वाहन को 231 किलोमीटर तक चलाने में सक्षम है। इसका बैटरी पैक एक एसी चार्जर सेट-अप द्वारा संचालित होगा, जो प्रति कार 3.3 केडब्ल्यू की आउटपुट पावर रेटिंग के साथ एक साथ तीन कारों (3 आउटपुट) को एक बार में चार्ज कर सकता है। चार्जर सेट-अप 8 घंटे में ही बैटरी को 0 से 100 प्रतिशत तक चार्ज कर सकता है।

## देश में कोरोना महामारी की जारी है उछल कूद

### » 24 घंटों में 42982 नए मामले, 533 ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना महामारी की उछल कूद जारी है, जिसमें लगातार दूसरे दिन नए मामलों में मामूली बढ़ोतरी हुई है। हालांकि संक्रमण से मरने वालों में मामूली कमी देखी गई, लेकिन संक्रमण में उतार चढ़ाव का सिलसिला अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 42,982 नए मामले सामने आए हैं। इस प्रकार अब तक देश में 3 करोड़ 18 लाख 12 हजार लोग संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें से 4,26,290 लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें पिछले एक दिन में हुई 533 लोगों की मौत भी शामिल है। मंत्रालय के अनुसार इस दौरान 41,726 मरीज संक्रमण से ठीक भी हुए हैं। इस प्रकार देश में अब तक 3 करोड़ 9 लाख 74 हजार लोग ठीक होकर कोरोना को मात दे चुके हैं। इस प्रकार कोरोना से ठीक होने वालों की दर 97.3 फीसदी हो गई है। जबकि देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 4,11,076 हो गई है, जिनका इलाज चल रहा है। दैनिक संक्रमण दर 2.58 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 2.37 प्रतिशत दर्ज की गई। इस बीमारी से मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है।



**कोरोना जांच 47.48 करोड़ के पार-** आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को कोविड-19 के लिए पिछले 24 घंटे में 1 लाख 97 हजार 92 नमूनों की जांच के बाद संक्रमण दर 11.37 फीसदी दर्ज की गई है। इसके साथ ही अब तक इस संक्रमण का पता लगाने के लिए जांच किए गए नमूनों की संख्या 47,48,93,363 हो गई है। वहीं देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 48.93 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

## मध्य प्रदेश में बाढ़ में फंसे मंत्री नरोत्तम मिश्रा, वायुसेना के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाले गए



**दतिया (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश में बारिश के चलते बाढ़ के हालात बने हुए है, गांव पानी से घिरे है तो लोग अपनी जान बचाने को परेशान है। दतिया जिले में पानी से घिरे गांव के हालात का जायजा लेने निकले राज्य के गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा खुद मुसीबत में फंस गए। बाद में उन्हें वायुसेना के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाला गया। राज्य के अन्य हिस्सों की तरह ही दतिया के कई गांव का हाल है। ग्रामीण इलाकों में पानी भरा होने की जानकारी मिलने पर मंत्री मिश्रा एनडीआरएफ के दल की नाव पर सवार होकर प्रभावित इलाकों की तरफ निकल पड़े। वे कोटरा गांव जा रहे थे तभी उनकी नाव पर एक पेड़ गिर गया। इस गांव में कुछ लोग एक मकान की छत पर थे। इन्हें सुरक्षित निकालने की जद्दोजहद में मंत्री मिश्रा खुद पानी से घिर गए।

बताया गया है कि कोटरा गांव के एक मकान में नौ लोग फंसे थे, जिन्हें राहत और बचाव दल ने सुरक्षित बाहर निकाला। उसके बाद वायुसेना के हेलीकॉप्टर से मंत्री को सुरक्षित निकाला गया। इस गांव में हर तरफ पानी ही पानी है और जिस घर में लोग फंसे थे वहां भी पानी काफी उंचाई तक आ गया था।

राज्य के गृहमंत्री मिश्रा का रेस्क्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और सियासी हलाकों से तरह-तरह की प्रक्रियांए सामने आ रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने मंत्री मिश्रा की सराहना करते हुए कहा, यदि गलतियों पर कोसना विपक्ष का धर्म है तो अच्छी बात की तारीफ भी होना चाहिए। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के जज्बे-साहस को सलाम।

वहीं समाजवादी पार्टी के नेता यश भारतीय ने तंज कसा है और कहा, गृहमंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे थे। पंचायत भवन पहुंचे बचाव के लिए लेकिन स्वयं को बचाव की आवश्यकता पड़ गई, कितनी खूबसूरती से वीडियो बनाया जा रहा है, जैसे फिल्म वीर जारा में शाहरुख खान बचाते है प्रीति जिंटा को। कहानी फिल्मी है यो।

## राज्यसभा में पारित हुआ संविधान (अजा) आदेश (संशोधन) विधेयक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अरुणाचल प्रदेश के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूची को संशोधित करने के प्रावधान वाले संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2021 को राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। तीन बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2021 चर्चा करने और पारित करने के लिए पेश किया। विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा में टीआरएस के डॉ बंदा प्रकाश, अन्नाद्रमुक के एम थंबीदुरई, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सुभाषचंद्र बोस पिल्ली, राजद के मनोज झा, आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार गुप्ता और राकांपा की फौजिया खान ने अपनी बात रखी। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी था। संक्षिप्त चर्चा के जवाब में जनजातीय मामलां के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की उन जनजातियों के विकास के लिए यह विधेयक लाया गया है जो मुख्यधारा से अब तक दूर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार जनजातीय समुदायों के विकास के लिए दृढ़ संकल्प है और इसी राह में आगे बढ़ रही है।

## पीएम मोदी ने किया गरीब कल्याण योजना' के लाभार्थियों से संवाद

### » जब युवा गोल पर गोल कर रहे थे तो कुछ लोग सेल्फ गोल करने में लगे रहे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' के लाभार्थियों से बात की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के साथ-साथ राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि एक तरफ हमारा देश, हमारे युवा भारत के लिए नई सिद्धियां हासिल कर रहे हैं। गोल के बाद गोल कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जो राजनीतिक स्वार्थ के चलते एक तरह से सेल्फ गोल कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि देश क्या चाहता है, देश क्या हासिल कर रहा है, देश कैसे बदल रहा है इससे इनको कोई सरोकार नहीं। ये लोग देश का समय और देश की भावना दोनों को आहत कर रहे हैं। भारत की संसद का ये लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ की वजह से निरंतर अपमान कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब देश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा था, तो कुछ लोग संसद को रोकने में लगे हैं। कुछ ही सप्ताह में हमने जो कीर्तिमान देखे, उसमें भारतीयों का सामर्थ्य और सफलता, चारों ओर नजर आती है। ओलंपिक में अभूतपूर्व प्रदर्शन को पूरा देश उत्साहपूर्वक देख रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग सिर्फ अपने पद के लिए परेशान हैं, वो अब भारत को रोक नहीं सकते। नया भारत, पद नहीं पदक जीतकर दुनिया में छा रहा है। नए भारत में आगे बढ़ने का मार्ग परिवार नहीं, बल्कि परिश्रम से तय होगा। इसलिए, आज भारत का युवा कह रहा है- भारत चल पड़ा है, भारत का युवा चल पड़ा है।

**गरीबों के लिए राशन सुनिश्चित करना जरुरी-** कोरोना काल की इस मुश्किल समय में एक भी गरीब ऐसा न हो, जिसके घर में राशन न हो, ये सुनिश्चित करना जरूरी है। 100 साल का ये संकट सिर्फ महामारी का ही नहीं है, बल्कि इसने कई मोर्चों पर देश और दुनिया की अरबों की आबादी को अपनी चपेट में लिया है। पीएम ने कहा कि अतीत में हमने अनुभव किया है कि जब देश पर पहले इस तरह का बड़ा संकट आता था तो देश की तमाम व्यवस्थाएं बुरी तरह से हिल जाती थीं। लेकिन आज भारत, भारत का प्रत्येक नागरिक पूरी ताकत से इस महामारी का मुकाबला कर रहा है।

**कोरोना कालखंड में भी नए प्रतिमान : पीएम मोदी-** इस कोरोना कालखंड में भी भारतीयों का उद्यम नए प्रतिमान गढ़ रहा है। जुलाई में जीएसटी का कलेक्शन हो या हमारा निर्यात हो, ये नई ऊंचाई छू रहे हैं। जुलाई में 1 लाख 16 हजार करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन होना बताता है कि अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार किसी एक महीनें में भारत का निर्यात 2.5 लाख करोड़ से भी ज्यादा हो गया। कृषि निर्यात में हम दशकों बाद हम दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल हुए हैं। देश का पहला मेड इन इंडिया विमानवाहक पोत विक्रांत समंदर में अपना ट्रायल शुरू कर चुका है।